व्याकरणम्

संज्ञा शब्दों के रुप

शब्द रूप 'बालक' अकारान्त पुल्लिङ्ग

विभक्ति	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	बालकः	बालकौ	बालकाः
द्वितीया	बालकम्	बालकौ	बालकान्
तृतीया	बालकेन	बालकाभ्याम्	बालकैः
चतुर्थी	बालकाय	बालकाभ्याम्	बालकेभ्यः
पञ्चमी	बालकात्	बालकाभ्याम्	बालकेभ्यः
षष्ठी	बालकस्य	बालकयोः	बालकानाम्
सप्तमी	बालके	बालकयोः	बालकेषु
सम्बोधन	हे बालक !	हे बालकौ!	हे बालकाः!

(इसी प्रकार नर, देव, वृक्ष, राम आदि अकारान्त पुल्लिङ्ग शब्द 'बालक' की भांति चलेंगे)

'पुस्तक' शब्द अकारान्त नपुंसकलिङ्ग

विभक्ति	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	पुस्तकम्	पुस्तके	पुस्तकानि
द्वितीया	पुस्तकम्	पुस्तके	पुस्तकानि
तृतीया	पुस्तकेन	पुस्तकाभ्याम्	पुस्तकैः
चतुर्थी	पुस्तकाय	पुस्तकाभ्याम्	पुस्तकेभ्यः
पञ्चमी	पुस्तकात्	पुस्तकाभ्याम्	पुस्तकेभ्यः
षष्ठी	पुस्तकस्य	पुस्तकयोः	पुस्तकानाम्
सप्तमी	पुस्तके	पुस्तकयोः	पुस्तकेषु
सम्बोधन	हे पुस्तक !	हे पुस्तके !	हे पुस्तकानि

('पुस्तक' शब्द के रूप तृतीया विभक्ति से 'बालक' शब्द की भांति चलेंगे)

(इसी तरह पुष्प, वन, जल, फल, नयन, सुख, गृह, वस्त्र, भोजन, शयन, शरण, नगर, स्थान आदि के रुप चलेंगे।)

'बालिका' शब्द आकारान्त स्त्रीलिङ्ग

विभक्ति	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	बालिका	बालिके	बालिकाः
द्वितीया	बालिकाम्	बालिके	बालिकाः
तृतीया	बालिकया	बालिकाभ्याम्	बालिकाभिः
चतुर्थी	बालिकायै	बालिकाभ्याम्	बालिकाभ्यः
पञ्चमी	बालिकायाः	बालिकाभ्याम्	बालिकाभ्यः
षष्ठी	बालिकायाः	बालिकयोः	बालिकानाम्
सप्तमी	बालिकायाम्	बालिकयोः	बालिकासु
सम्बोधन	हे बालिके !	हे बालिके !	हे बालिकाः !

(इसी प्रकार - शाला, माला, रमा, कन्या, बाला, सुधा, जनता, तृष्णा, परीक्षा, लता, यात्रा, वर्षा, विद्या, सेवा, कक्षा, सभा आदि के रुप बालिका स्त्रीलिङ्ग के समान चलेंगे ।)

'मुनि' शब्द इकारान्त पुल्लिङ्ग

विभक्ति	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	मुनिः	मुनी	मुनयः
द्वितीया	मुनिम्	मुनी	मुनीन्
तृतीया	मुनिना	मुनिभ्याम्	मुनिभिः
चतुर्थी	मुनये	मुनिभ्याम्	मुनिभ्यः
पञ्चमी	मुनेः	मुनिभ्याम्	मुनिभ्यः
षष्ठी	मुनेः	मुनयोः	मुनीनाम्
सप्तमी	मुनौ	मुनयोः	मुनिषु
सम्बोधन	हे मुने !	हे मुनी !	हे मुनयः !

(इसी प्रकार - हरि, कवि, कपि, रवि आदि इकारान्त पुल्लिङ्ग के रूप 'मुनि' की तरह चलेंगे)

'भानु' शब्द उकारान्त पुल्लिङ्ग

विभक्ति	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	भानुः	भानू	भानवः
द्वितीया	भानुम्	भानू	भानून्
तृतीया	भानुना	भानुभ्याम्	भानुभिः
चतुर्थी	भानवे	भानुभ्याम्	भानुभ्यः
पञ्चमी	भानोः	भानुभ्याम्	भानुभ्यः
षष्ठी	भानोः	भान्वोः	भानूनाम्

सप्तमी	भानौ	भान्वोः	भानुषु
संबोधन	हे भानो !	हे भानू !	हे भानवः !

(इसी प्रकार-गुरु, शिशु, साधु, विष्णु, प्रभु आदि उकारान्त पुल्लिङ्ग के रूप 'भानु' की तरह चलेंगे)

'धेनु' शब्द उकारान्त स्त्रीलिङ्ग

विभक्ति	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	धेनुः	धेनू	धेनवः
द्वितीया	धेनुम्	धेनू	धेनूः
तृतीया	धेन्वा	धेनुभ्याम्	धेनुभिः
चतुर्थी	धेन्वे, धेन्वै	धेनुभ्याम्	धेनुभ्यः
पञ्चमी	धेनोः, धेन्वाः	धेनुभ्याम्	धेनुभ्यः
षष्ठी	धेनोः, धेन्वाः	धेन्वोः	धेनूनाम्
सप्तमी	धेनौ, धेन्वाम्	धेन्वोः	धेनुषु
सम्बोधन	हे धेनो !	हे धेनू !	हे धेनवः !

(इसी प्रकार-तनु,चञ्चु, रज्जु आदि उकारान्त स्त्रीलिङ्ग के रूप 'धेनु' के समान चलेंगे)

'नदी' शब्द ईकारान्त स्त्रीलिङ्ग

विभक्ति	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	नदी	नद्यौ	नद्यः
द्वितीया	नदीम्	नद्यौ	नदीः
तृतीया	नद्या	नदीभ्याम्	नदीभिः
चतुर्थी	नद्यै	नदीभ्याम्	नदीभ्यः
पञ्चमी	नद्याः	नदीभ्याम्	नदीभ्यः
षष्ठी	नद्याः	नद्योः	नदीनाम्
सप्तमी	नद्याम्	नद्योः	नदीषु
सम्बोधन	हे नदि !	हे नद्यौ !	हे नद्यः !

'ईकारान्त' सभी शब्द प्रायः स्त्रीलिङ्ग होते हैं। इनके रूप (लक्ष्मी, श्री, स्त्री, ह्री, घी, भी आदि को छोड़कर) 'नदी' के समान चलते हैं। 'लक्ष्मी' शब्द कर्ताकारक एकवचन में 'लक्ष्मीः' बनता है, शेष रूप 'नदी' के समान ही होते हैं। नदी के समान वाणी, भारती, भागीरथी, भगिनी, सरस्वती जानकी, पृथ्वी आदि शब्दों के रुप चलेंगे।

सर्वनाम शब्द रूप

सर्वनाम- 'अस्मद्' (मैं) शब्द

विभक्ति	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	अहम्	आवाम्	वयम्
द्वितीया	माम्, मा	आवाम्, नौ	अस्मान्, नः
तृतीया	मया	आवाभ्याम्	अस्माभिः
चतुर्थी	मह्यम, मे	आवाभ्याम्, नौ	अस्मभ्यम्, नः
पञ्चमी	मत्	आवाभ्याम्	अस्मत्
षष्ठी	मम, मे	आवयोः, नौ	अस्माकम्, नः
सप्तमी	मयि	आवयोः	अस्मासु

सर्वनाम 'युष्मद्' (तुम) शब्द

विभक्ति	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	त्वम्	युवाम्	यूयम्
द्वितीया	त्वाम्, त्वा	युवाम्, वाम्	युष्मान्, वः
तृतीया	त्वया	युवाभ्याम्	युष्माभिः
चतुर्थी	तुभ्यम्, ते	युवाभ्याम्, वाम्	युष्मभ्यम्, वः
पञ्चमी	त्वत्	युवाभ्याम्	युष्मत्
षष्ठी	तव, ते	युवयोः, वाम्	युष्माकम्, वः
सप्तमी	त्वयि	युवयोः	युष्मासु

सर्वनाम 'तद' (वह) पुल्लिङ्ग

विभक्ति	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	सः	तौ	ते
द्वितीया	तम्	तौ	तान्
तृतीया	तेन	ताभ्याम्	तैः
चतुर्थी	तस्मै	ताभ्याम्	तेभ्यः
पञ्चमी	तस्मात्	ताभ्याम्	तेभ्यः
षष्ठी	तस्य	तयोः	तेषाम्
सप्तमी	तस्मिन्	तयोः	तेषु

सर्वनाम शब्द 'तद्' (वह) स्त्रीलिङ्ग

विभक्ति	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	सा	ते	ताः
द्वितीया	ताम्	ते	ताः
तृतीया	तया	ताभ्याम्	ताभिः
चतुर्थी	तस्यै	ताभ्याम्	ताभ्यः
पञ्चमी	तस्याः	ताभ्याम्	ताभ्यः
षष्ठी	तस्याः	तयोः	तासाम्
सप्तमी	तस्याम्	तयोः	तासु

सर्वनाम शब्द 'तद्' (वह) नपुंसकलिङ्ग

विभक्ति	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	तत्	ते	तानि
द्वितीया	तत्	ते	तानि

तृतीया विभक्ति से 'तद्' (वह) नपुंसकलिङ्ग के रूप 'तद्' (वह) पुल्लिङ्ग के समान ही चलाये जाते हैं ।

सर्वनाम शब्द 'किम्' (कौन) पुल्लिङ्ग

विभक्ति	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	कः	कौ	के
द्वितीया	कम्	कौ	कान्
तृतीया	केन	काभ्याम्	कैः
चतुर्थी	कस्मै	काभ्याम्	केभ्यः
पञ्चमी	कस्मात्	काभ्याम्	केभ्यः
षष्ठी	कस्य	कयोः	केषाम्
सप्तमी	कस्मिन्	कयोः	केषु

सर्वनाम शब्द 'किम्' (कौन) स्त्रीलिङ्ग

विभक्ति	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	का	के	काः
द्वितीया	काम्	के	काः

तृतीया	कया	काभ्याम्	काभिः
चतुर्थी	कस्यै	काभ्याम्	काभ्यः
पञ्चमी	कस्याः	काभ्याम्	काभ्यः
षष्ठी	कस्याः	कयोः	कासाम्
सप्तमी	कस्याम्	कयोः	कासु

सर्वनाम् शब्द 'किम्' (कौन) नपुंसकलिङ्ग

प्रथमा	किम्	के	कानि
द्वितीया	किम्	के	कानि

तृतीया विभक्ति से किम् (कौन) नपुंसकलिङ्ग के रूप किम् (कौन) पुल्लिङ्ग के समान चलते हैं।

विशेषण-

संख्यावाचक शब्दों के रूप 'एक' शब्द

'एक' शब्द के रूप केवल एकवचन में ही चलते हैं। तीनों लिङ्गों के रूप निम्नलिखित हैं।

विभक्ति	पुल्लिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग	नपुंसकलिङ्ग
प्रथमा	एकः	एका	एकम्
द्वितीया	एकम्	एकाम्	एकम्
तृतीया	एकेन	एकया	एकेन
चतुर्थी	एकस्मै	एकस्यै	एकस्मै
पञ्चमी	एकस्मात्	एकस्याः	एकस्मात्
षष्ठी	एकस्य	एकस्याः	एकस्य
सप्तमी	एकस्मिन्	एकस्याम्	एकस्मिन्

संख्यावाचक शब्दों के रूप 'द्वि' शब्द

'द्वि' दो शब्द के रूप केवल द्विवचन में ही चलते हैं। स्त्रीलिङ्ग तथा नपुंसकलिङ्ग के रूप समान होते हैं।

विभक्ति	पुल्लिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग
प्रथमा	द्वौ	द्वे
द्वितीया	द्वौ,	द्वे
तृतीया	द्वाभ्याम्	द्वाभ्याम्
चतुर्थी	द्वाभ्याम्	द्वाभ्याम्
पञ्चमी	द्वाभ्याम्	द्वाभ्याम्
षष्ठी	द्वयोः	द्वयोः
सप्तमी	द्वयोः	द्वयोः

'त्रि' तीन के रूप केवल बहुवचन में चलते हैं ।

विभक्ति	पुल्लिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग	नपुंसकलिङ्ग
प्रथमा	त्रयः	तिस्त्रः	त्रीणि
द्वितीया	त्रीन्	तिस्त्रः	त्रीणि
तृतीया	त्रिभिः	तिसृभिः	त्रिभिः
चतुर्थी	त्रिभ्यः	तिसृभ्यः	त्रिभ्यः
पञ्चमी	त्रिभ्यः	तिसृभ्यः	त्रिभ्यः
षष्ठी	त्रयाणाम्	तिसृणाम्	त्रयाणाम्
सप्तमी	त्रिषु	तिसृषु	त्रिषु

'चतुर्' च शब्द

विभक्ति	पुल्लिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग	नपुंसकलिङ्ग
प्रथमा	चत्वारः	चतस्रः	चत्वारि
द्वितीया	चतुरः	चतस्रः	चत्वारि
तृतीया	चतुर्भिः	चतसृभिः	चतुर्भिः
चतुर्थी	चतुर्भ्यः	चतसृभ्यः	चतुर्भ्यः
पञ्चमी	चतुर्भ्यः	चतसृभ्यः	चतुर्भ्यः
षष्ठी	चतुर्णाम्	चतसृणाम्	चतुर्णाम्
सप्तमी	चतुर्षु	चतसृषु	चतुर्षु

'पञ्चन्' पाँच शब्द

'पञ्चन्' तथा इसके आगे के संख्यावाची शब्द तीनों लिङ्गों में समान होते हैं।

विभक्ति	लिङ्ग
प्रथमा	पञ्च
द्वितीया	पञ्च
तृतीया	पञ्चभिः
चतुर्थी	पञ्चभ्यः
पञ्चमी	पञ्चभ्यः
षष्ठी	पञ्चानाम्
सप्तमी	पञ्चसु

उपसर्ग

संस्कृत भाषा में उपसर्गों का बहुत महत्व है । ये प्रायः शब्दों व धातुओं के पूर्व जोड़े जाते हैं । इनके जुड़ने से धातु का अर्थ प्रायः परिवर्तित हो जाता है ।

परिभाषा

गति संज्ञक शब्द उपसर्ग कहलाते हैं । इनके धातु के पूर्व लगने से एक नया शब्द बन जाता है और प्रायः शब्द का अर्थ बदल जाता है ।

उदाहरण निम्नलिखित है :-

प्र, परा, अप, सम्, अनु, अव्, निस्, निर्, दुस्, दुर्, वि, आंङ्, नि, अधि, अपि, अति, सु, उत्, अभि, प्रति, परि, उप ये प्रादि कहलाते हैं ।

यथा - प्र - प्रमाण, प्रभाव, प्रार्थना ।
परा - परागत, पराभव, पराजय ।

कारक का सामान्य परिचय

क्रमांक	विभक्ति	कारक	चिह्न
1.	प्रथमा	कर्ता	ने
2.	द्वितीया	कर्म	को
3.	तृतीया	करण	से (के द्वारा)
4.	चतुर्थी	सम्प्रदान	के लिये
5.	पञ्चमी	अपादान	से (अलग होने के अर्थ में)
6.	षष्ठी	सम्बन्ध	का, के, की, रा, रे, री
7.	सप्तमी	अधिकरण	में, पै, पर
8.	सम्बोधन	सम्बोधन	हे ! ओ ! अरे ! रे !

संस्कृत में वाक्य रचना करते समय कर्ता और क्रिया आवश्यक रूप से ध्यान देने योग्य है ।

1. प्रथमा विभक्ति (कर्ताकारक)

प्रथमा विभक्ति का प्रयोग कर्ताकारक अर्थात संज्ञा शब्दों के लिये किया जाता है । जैसे- रामः, बालकः, अश्वः, पुस्तकम् आदि ।

2. द्वितीया विभक्ति (कर्म कारक)

कर्मकारक के योग में द्वितीया विभक्ति का प्रयोग किया जाता है । कर्ता, क्रिया के द्वारा जिसे सर्वाधिक रूप से प्राप्त करना चाहता है उसे कर्म कारक कहते हैं ।

3. तृतीया विभक्ति (करण कारक)

क्रिया की सफलता में जो सबसे अधिक सहायक हो उसे करण कहते हैं। करण में तृतीया विभक्ति का प्रयोग होता है ।

जैसे - सः कन्दुकेन क्रीडति ।
सीमा कलमेन लिखति ।

4. चतुर्थी विभक्ति (सम्प्रदान कारक)

जिसके लिये कोई काम किया जाता है। उसे सम्प्रदान कहते हैं । सम्प्रदान में चतुर्थी विभक्ति का प्रयोग होता है।

जैसे - धनिकः सेवकाय धनं यच्छति।
अध्यापकः छात्राय पुस्तकं यच्छति।

5. पञ्चमी विभक्ति (अपादान कारक)

जिससे कोई वस्तु अलग हो उसे अपादान कहते हैं। अपादान में पञ्चमी विभक्ति का प्रयोग होता है।

जैसे - वृक्षात् पत्राणि पतन्ति ।
छात्रः विद्यालयात् आगच्छति ।

6. षष्ठी विभक्ति (सम्बन्ध कारक)

सम्बन्ध बताने के लिये षष्ठी विभक्ति का प्रयोग किया जाता है ।

जैसे - मम पिता अध्यापकः अस्ति ।
ग्रामस्य जनाः नगरं गच्छन्ति ।

7. सप्तमी विभक्ति (अधिकरण कारक)

क्रिया का आधार अधिकरण कहलाता है । अधिकरण में सप्तमी विभक्ति होती है।

जैसे - मकराः जले तरन्ति ।
सः उद्याने भ्रमति ।

8. सम्बोधन कारक

सम्बोधन कारक को प्रथमा विभक्ति में सम्मिलित किया जाता है । सम्बोधन कारक के चिन्ह हैं - भो ! अरे ! रे ! आदि

जैसे - भो ! राम मामू उध्दर ।

क्रिया

क्रिया का अर्थ है - करना या होना । जैसे मैं पढ़ता हूँ । यहां पढ़ने का काम किया जा रहा है । या हो रहा है । अतः 'पढ़ना' क्रिया से 'पढ़ता हूं' रूप बनाया गया है।

धातु

क्रिया के मूलरूप को 'धातु' कहते हैं । जैसे - 'पठामि' क्रिया का मूलरूप 'पठ्' है । 'पठ्' धातु से 'पठामि' क्रिया बनी है । क्रिया में प्रत्यय जुड़े रहते हैं, धातु में नहीं । संस्कृत में धातुएँ बहुत हैं जैसे - गम् (गच्छ) = जाना

भू(भव्) = होना
लिख् = (लिखना), हंस् (हँसना), कृ (करना), अस् (होना),
पा (पिब्) = पीना
नी (नय्) = ले जाना आदि

लकार

संस्कृत में 'काल' सूचित करने के लिये 'लकार का प्रयोग किया जाता है। वर्तमान काल के लिए 'लट्लकार' भूतकाल के लिये 'लङ्लकार' और भविष्यकाल के लिये 'लृट्लकार' का प्रयोग किया जाता है। आज्ञार्थ में 'लोट्' और विध्यर्थ में 'विधि लिङ् लकार प्रयुक्त होता है।

1.वर्तमान काल (लट्लकार) - गम् (गच्छ्) - जाना

पुरूष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम या	सः गच्छति ।	तौ गच्छतः ।	ते गच्छन्ति ।
अन्य पुरुष	(वह जाता है)	(वे दोनों जाते हैं)	(वे सब जाते है)
मध्यम पुरुष	त्वं गच्छसि ।	युवां गच्छथः ।	यूयं गच्छथ ।
	(तुम जाते हो)	(तुम दोनों जाते हो)	(तुम सब जाते हो)
उत्तम पुरुष	अहं गच्छामि।	आवां गच्छावः ।	वयं गच्छामः ।
	(मैं जाता हूं)	(हम दोनों जाते हैं)	(हम लोग जाते हैं)

2. भूतकाल (लङ्लकार) - गम् (गच्छ्) - जाना

पुरूष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष	सः अगच्छत् ।	तौ अगच्छताम् ।	ते अगच्छन् ।
	(वह गया।)	(वे दोनो गये)	(वे सब गये)
मध्यम पुरुष	त्वम् अगच्छः ।	युवाम् अगच्छतम् ।	यूयम् अगच्छत ।
	(तुम गये)	(तुम दोनों गये)	(तुम लोग गये)
उत्तम पुरुष	अहम् अगच्छम् ।	आवाम् अगच्छाव ।	वयम् अगच्छाम ।
	(मैं गया)	(हम दोनों गये)	(वे सब गये)

3. भविष्य काल (लृट्लकार) - गम् (गच्छ्) - जाना

पुरूष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष	सः गमिष्यति ।	तौ गमिष्यतः ।	ते गमिष्यन्ति ।
	(वह जायेगा)	(वे दोनों जायेंगे)	(वे सब जायेंगे)

मध्य पुरुष	त्वं गमिष्यसि ।	युवां गमिष्यथः ।	यूयं गमिष्यथ ।
	(तुम जाओगे)	(तुम दोनों जाओगे)	(तुम सब जाओगे)
उत्तम पुरुष	अहं गमिष्यामि ।	आवां गमिष्यावः ।	वयं गमिष्यामः ।
	(मैं जाऊंगा)	(हम दोनों जायेंगे)	(हम लोग जायेंगे)

धातु रूप

'लट्' लकार (वर्तमानकाल) पठ् (पढ़ना) धातु - परस्मैपद

पुरुष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
अ.पु.	पठति	पठतः	पठन्ति
म.पु.	पठसि	पठथः	पठथ
उ.पु.	पठामि	पठावः	पठामः

लङ्लकार (भूतकाल)

पुरुष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
अ.पु.	अपठत्	अपठताम्	अपठन्
म.पु.	अपठः	अपठतम्	अपठत
उ.पु.	अपठम्	अपठाव	अपठाम

'लृट्'लकार (भविष्यकाल)

पुरुष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
अ.पु.	पठिष्यति	पठिष्यतः	पठिष्यन्ति
म.पु.	पठिष्यसि	पठिष्यथः	पठिष्यथ
उ.पु.	पठिष्यामि	पठिष्यावः	पठिष्यामः

'गम्'(गच्छ्) - जाना - 'लट्' लकार - वर्तमान काल

पुरुष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
अ.पु.	गच्छति	गच्छतः	गच्छन्ति
म.पु.	गच्छसि	गच्छथः	गच्छथ
उ.पु.	गच्छामि	गच्छावः	गच्छामः

'लङ्'लकार - भूतकाल

पुरुष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
अ.पु.	अगच्छत्	अगच्छताम्	अगच्छन्
म.पु.	अगच्छः	अगच्छतम्	अगच्छत
उ.पु.	अगच्छम्	अगच्छाव	अगच्छाम

'लृट्लकार' - भविष्यकाल

पुरुष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
अ.पु.	गमिष्यति	गमिष्यतः	गमिष्यन्ति
म.पु.	गमिष्यसि	गमिष्यथः	गमिष्यथ
उ.पु.	गमिष्यामि	गमिष्यावः	गमिष्यामः

'दृश्' (पश्य) - देखना धातु - 'लट्'लकार - वर्तमानकाल

पुरुष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
अ.पु.	पश्यति	पश्यतः	पश्यन्ति
म.पु.	पश्यसि	पश्यथः	पश्यथ
उ.पु.	पश्यामि	पश्यावः	पश्यामः

'लङ्लकार - भूतकाल

पुरुष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
अ.पु.	अपश्यत्	अपश्यताम्	अपश्यन्
म.पु.	अपश्यः	अपश्यतम्	अपश्यत
उ.पु.	अपश्यम्	अपश्याव	अपश्याम

'लृट्' लकार-भविष्यकाल

पुरुष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
अ.पु.	द्रक्ष्यति	द्रक्ष्यतः	द्रक्ष्यन्ति
म.पु.	द्रक्ष्यसि	द्रक्ष्यथः	द्रक्ष्यथ
उ.पु.	द्रक्ष्यामि	द्रक्ष्यावः	द्रक्ष्यामः

इसी प्रकार - वद् (बोलना, चल् (चलना), खेल् (खेलना), पा-पिब् (पीना), भू-भव (होना), पत् (गिरना), नी-नय् (ले जाना), स्था-तिष्ठ (ठहरना), लिख् (लिखना), मिल् (मिलना), पृच्छ् (पूछना) तथा इच्छ् (इच्छा करना, चाहना) आदि परस्मैपद धातु रूप चलेंगे। क्रिया के मूल रूप 'धातु' में प्रत्यय जोड़कर धातु-रूप बनाये जाते हैं। पुरुष, तथा वचन के अनुसार उनके भिन्न रूप हो जाते हैं। प्रत्यय वे शब्दांश हैं जो धातु के अन्त में जोड़े जाते हैं। इनके जुड़नेसे धातुरूप में परिवर्तन होजाता है और उसका अर्थ बदल जाता है। प्रत्ययों के अनुसार कर्ता-क्रिया प्रयोग विधि के उदाहरण से यह बात स्पष्ट हो जाती है। एक उदाहरण कर्ता-क्रिया प्रयोग विधि (प्रत्ययों के अनुसार)

पुरुष	वचन	कर्ता	लट्लकार	लङ्लकार	लृटलकार
अन्य पुरुष	एकवचन	सः (वह)	पठति - ति	अपठत् - त्	पठिष्यति - ष्यति
या	द्विवचन	तौ(वे दोनों)	पठतः - तः	अपठताम्- ताम्	पठिष्यतः - ष्यतः
प्रथम पुरूष	बहुवचन	ते(वे सब)	पठन्ति - अन्ति	अपठन् - अन्	पठिष्यन्ति - ष्यन्ति
मध्यम पुरुष	एकवचन	त्वम्(तुम)	पठसि - सि	अपठः - :	पठिष्यसि - ष्यसि
	द्विवचन	युवाम्(तुम दोनों)	पठथः - थः	अपठतम् - तम्	पठिष्यथः - ष्यथः
	बहुवचन	युयम्(तुम सब)	पठथ - थ	अपठत - त	पठिष्यथ - ष्यथ
उत्तम पुरुष	एकवचन	अहम्(मै)	पठामि - आमि	अपठम् - अम्	पठिष्यामि - ष्यामि
	द्विवचन	अवाम्(हम दोनों)	पठावः - आवः	अपठाव - आव	पठिष्यावः - ष्यावः
	बहुवचन	वयम्(हम सब)	पठामः - आमः	अपठाम - आम	पठिष्यामः - ष्यामः

वचन

संस्कृत में तीन वचन होते हैं

1. एकवचन 2. द्विवचन 3. बहुवचन

1. एकवचन

एकवचन का बोध कराता है। जैसे बालकः (एकवचन), मानवः (एक मनुष्य), वृक्षः (एक वृक्ष)

2. द्विवचन

द्विवचन का बोध कराता है। जैसे - बालकौ (दो बालक), मानवौ (दो मनुष्य), वृक्षौ (दो वृक्ष) आदि।

3. बहुवचन

दो से अधिक का बोध कराता है। जैसे - बालकाः (बहुत से बालक), मानवाः (बहुत से मनुष्य), वृक्षाः (बहुत सेवृक्ष)

नोट - 'द्विवचन' पहचान करनेके लिये वाक्य में 'दो' या 'दोनों' शब्द का प्रयोग अनिवार्य रूप से होगा।

जैसे - 1. दो बालक पढ़ते हैं। (द्वौ बालकौ पठतः)

2. तुम दोनों कहां जाते हो ? (युवां कुत्र गमिष्यथः)

लिङ्ग

संस्कृत में तीन लिङ्ग होते हैं ।

1. पुल्लिङ्ग 2. स्त्रीलिङ्ग 3. नपुसंकलिङ्ग

1. पुरुष जाति को बताने वाले शब्द **पुल्लिङ्ग** होते हैं । जैसे - नरः, बालकः, गजः, वृक्षः आदि ।
2. स्त्री जाति का बोध करानेवाले शब्द **स्त्रीलिङ्ग** होते हैं । जैसे - शाला, माला, नदी, बालिका, रमा आदि ।
3. जो शब्द स्त्री जाति और पुरूष जाति दोनों का बोध नहीं कराते हैं वे **नपुंसकलिङ्ग** होते हैं । जैसे - फलम्, वनम्, पुष्पम्, पत्रम् आदि..।

पुरूष

संस्कृत में पुरूष तीन होतेहै ।

1. प्रथम पुरुष 2. मध्यम पुरुष 3. उत्तम पुरुष

1. प्रथम पुरुष

जिसके संबंध में कुछ कहा जाये वह प्रथम पुरुष होता है । प्रथम पुरुष को अन्य पुरुष भी कहते हैं। जैसे - सः (वह), तौ (वे दोनों), ते (वे सब) तथा
बालकः (एक बालक), बालकौ (दो बालक), बालकाः (बहुत से बालक)

2. मध्यम पुरुष

जिससे बात की जाये अर्थात सुनने वाला मध्यम पुरुष होता है । जैसे - त्वम् (तुम), युवाम् (तुम दोनों), युयम् (तुम सब)

3. उत्तम पुरुष

जो बात करता हो अर्थात् कहने या बोलने वाला उत्तम पुरुष होता है । जैसे - अहम् (मैं) आवाम् (हम दोनों), वयम् (हम सब) बातचीत का सम्बन्ध तीन व्यक्ति से होता है - 1. कहने वाला 2. सुनने वाला 3, जिसके सम्बन्ध में कुछ कहा जाये । इस प्रकार कहने वाला उत्तम पुरूष, सुनने वाला मध्यम पुरुष, और जिसके सम्बन्ध में कुछ कहा जाये वह अन्य पुरूष या प्रथम पुरूष कहलाता है।

नोट - संस्कृत में अनुवाद करते समय यह बात विशेष रूप से ध्यान में रखना चाहिये कि वाक्य का कर्ता जिस पुरूष व वचन में होगा क्रिया भी उसी पुरुष व वचन में होगी । जैसे -

1. सः पठति । (वह पढ़ता है ।)
2. तौ पठतः । (वे दोनों पढ़ते हैं ।)

3. ते पठन्ति । (वे सब पढ़ते हैं ।)
4. त्वं पठसि । (तुम पढ़ते हो ।)
5. युवां पठथः । (तुम दोनों पढ़ते हो ।)
6. यूयं पठथ । (तुम सब पढ़ते हो ।)
7. अहं पठामि । (मै पढ़ता हूँ ।)
8. आवां पठावः । (हम दोनों पढ़ते हैं)
9. वयं पठामः । (हम लोग पढ़ते हैं ।)

नोट - श्, ष्, स्, र्, ओ वर्ण सन्धि-विच्छेद करते समय विसर्ग बन जाते हैं । जैसे -

1. सुन्दरश्चन्द्र - सुन्दरः + चन्द्रः
2. धनुष्टङ्कारः - धनुः + टंकारः
3. नमस्ते - नमः + ते
4. दुरात्मा - दुः + आत्मा
5. मनोरमाः - मनः + रमाः
6. सोऽहम् - सः + अहम्

अव्यय

जिनका रूप परिवर्तित नहीं होता अव्यय कहलाते हैं । अथवा तीनों लिङ्गों, सभी विभक्तियों और सभी वचनों में जो समान रहता है वह अव्यय है ।

सदृशं त्रिषु लिङ्गेषु सर्वासु च विभक्तिषु ।
वचनेषु च सर्वेषु यन्न व्येति तदव्ययम् ॥

कुछ अव्यय इस प्रकार हैं यथा -

1.	अधुना	=	अब	11.	सर्वतः	=	सभी ओर से
2.	अद्य	=	आज	12.	पुरतः	=	आगे, सामने
3.	ह्यः	=	कल (बीता हुआ)	13.	पुरः	=	आगे, सामने
4.	श्वः	=	कल (आनेवाला)	14.	यदा	=	जब
5.	अधः	=	नीचे	15.	कदा	=	कब
6.	पश्चात्	=	बाद में	16.	तदा	=	तब
7.	उपरि	=	ऊपर	17.	कथम्	=	कैसे
8.	ततः	=	फिर	18.	अतः	=	इसलिये
9.	यतः	=	क्योंकि	19.	अपि	=	भी
10.	कुतः	=	कहांसे	20.	कुत्र	=	कहां